दिनांक 18 सितंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई शहर के प्राइम लोकेशन में विवाह एवं अन्य समारोह के लिए तैयार हो रहा है एक बड़ा स्ट्रक्चर, डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का 94% कार्य पूर्ण , निगमायुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने लिया जायजा

भिलाई नगर। भिलाई शहर के प्राइम लोकेशन में विवाह एवं अन्य समारोह के लिए निगम एक बड़ा स्ट्रक्चर तैयार कर रहा है! जहां लोगों को समारोह के लिए सर्व सुविधा युक्त स्थल मिल पाएगा! निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने वार्ड 25 बैकुंठधाम में निर्माणाधीन डाॅ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का अवलोकन किया। अधिकारियों को भवन के निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए , समारोह के मुताबिक कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री सर्वे ने मदर टैरेसा नगर की जोन आयुक्त प्रीति सिंह से मांगलिक भवन के निर्माण के संबंध में सारी जानकारी प्राप्त की, भूतल एवं प्रथम तल के सभी कमरों का निरीक्षण किया, भवन के कुछ हिस्सों में बारिश से बचाव के लिए उचित तरीके अपनाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि समारोह के जरूरत के मुताबिक सारी सुविधाएं उपलब्ध रहे , इसके लिए छोटे-छोटे कार्यो पर भी ध्यान देना होगा! कार्यपालन अभियंता डी.के. वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मांगलिक भवन का 94% कार्य पूर्ण हो चुका है! मांगलिक भवन के निर्माण से लोगों को विवाह समारोह के अलावा सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए भिलाई क्षेत्र के रहवासियों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा और अच्छी सुविधाओं के साथ भवन मिल जाएगा। प्राइम लोकेशन में तैयार हो रहा भवन गौरवपथ के किनारे और मार्केट से लगा हुआ है , यहां सामाजिक कार्य, धार्मिक कार्य एवं विवाह समारोह आसानी से संपन्न हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , सहायक अभियंता आर.के. साहू, उप अभियंता श्वेता वर्मा एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी आर.पी. तिवारी मौजूद रहे।

जनसम्पर्क अधिकारी